# फायर सीजन के लिए वन विभाग सोलन तैयार

## सेटेलाइट अलर्ट सिस्टम से रखी जाएगी जंगलों नजर: कुणाल

**8 वन विभाग सोलन द्वारा चीड़ पतियों को सड़क किनारे हिस्सों से हटाया जा रहा है ताकि आज जंगलों तक ना पहुंचे**

**टीम एक्शन इंडिया/सोलन/मनीष**

गर्मी का सीजन शुरू हो चुका हैं और गर्मियों में जंगलों में आग लगने का सीजन भी शुरू होने वाला है इस बार कम बारिश के चलते सूखे की मार जंगलों तक भी पहुंची है ऐसे में कम बारिश के चलते जंगलों में आग लगने की आशंका भी वन विभाग द्वारा इस बार अधिक जताई जा रही है इसको देखते हुए वन विभाग सोलन ने भी पूरी तैयारियां कर ली है।



आगजनी की घटनाओं से निपटने के लिए वन विभाग सोलन द्वारा चीड़ पतियों को सडक किनारे हिस्सों से हटाया जा रहा है ताकि आज जंगलों तक ना पहुंचेए क्योंकि सोलन का अधिकार जंगल चीड़ के पेड़ों से घिरा हुआ है ऐसे में आग लगने का ज्यादा खतरा इन पेड़ों से ही होता है।

डीएफओ सोलन कुणाल अंगरिश ने बताया की एक अप्रैल से फॉरेस्ट का फायर का सीजन स्टार्ट हो गया है, ऐसे में इसको लेकर जंगलों में फायर लाइन को व्यवस्थित किया जा रहा है और सडक पर कही चीड़ के पते गिरे हो तो उन्हें हटाकर जलाते हुए सडक को साफ किया जा रहा है।

सेटेलाइट अलर्ट सिस्टम देगा आगज?ी की घटना की सूचना

वहीं दूसरी तरफ यदि आगजनी की घटनाएं सामने आती है तो सेटेलाइट के माध्यम से भी वन विभाग के कर्मचारियों को इसके बारे में पता लग जाता है। उन्होंने बताया कि सेटेलाइट के अलर्ट सिस्टम के माध्यम से वन विभाग के सभी कर्मचारियों को आग लगने की सूचना मिल जाती है ऐसे में वन विभाग के अधिकारी मौके पर तुरंत पहुंच जाते हैं।

बिना परमिशन घासनियाँ नहीं जला सकेंगे लोग

उन्होंने कहा कि वन क्षेत्र के जो घासनियाँ नजदीक है, वहां पर अब बिना वन मंडल अधिकारी की परमिशन से लोग घासनियों में आग नहीं लगा सकते हैं, जब वनरक्षक मौके पर मौजूद होगा और वन मंडल अधिकारी की परमिशन होगी तभी वे लोग घासनियों में आग लगा सकेंगे क्योंकि कई बार लोग बिना परमिशन के आग लगा देते हैं लेकिन इससे लाखों की वन संपदा नष्ट हो जाती है। आगजनी की घटनाओं से जंगलों के बचाने में लोगों का सहयोग महत्वपूर्ण उन्होंने बताया कि फायर विभाग की हर बीट में फायर वाचर भी विभाग द्वारा नियुक्त किए जाते हैं जो इन सब आगजनी की घटनाओं पर नजर बनाए रखते हैं,

वहीं उन्होंने लोगों से भी अपील की है कि यदि उन्हें आगजनी की घटनाओं के बारे में पता लगता है तो वह विभाग को इस बारे में सूचित करें और वन संपदा को बचाने में विभाग का साथ दें।

# महर्षि वेद व्यास गुरुकुलम विद्यालय में बच्चों को करवाया जाएगा वेदों का अध्ययन



**टीम एक्शन इंडिया/बिलासपुर/कश्मीर ठाकुर**

बिलासपुर में रविवार को महर्षि वेद व्यास गुरुकुलम विद्यालय ट्रस्ट की बैठक औद्येगिक क्षेत्र के लक्ष्मी नारायण मंदिर में बैठक आयोजित हुई। जिसकी अध्यक्षता टरस्ट के अध्यक्ष इंद्र डोगरा ने की। उन्होंने बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि इस विद्यालय में बच्चों को वेदों का अध्ययन एवं पढाई करवाई जाएगी। यह प्रदेश का पहला वेद विद्यालय होगा। बैठक में वेद विद्यालय के कार्य प्रगति पर चर्चा की गई। बैठक में महामंत्री तुषार डोगरा, राम ऋषि भारद्धाज, दिलीप सिंह ठाकुर, संजीव ढिल्लो, प्रेम लाल शर्मा व सुरेंद्र भारती ने भाग लिया।

# घर-द्वार पर मोबाइल पशु चिकित्सा सेवाएं बस एक फोन कॉल दूर

**टीम एक्शन इंडिया/शिमला/चमन शर्मा**

कृषि पर आधारित हिमाचल की ग्रामीण अर्थव्यवस्था में पशुपालन एक प्रमुख घटक है। प्रदेश में कुल पशुधन आबादी लगभग 44.10 लाख है और इनकी देखभाल प्रत्येक ग्रामीण परिवार का एक अनिवार्य हिस्सा है।

पशुधन की समय पर उचित देखभाल और पशुपालकों की आजीविका में वृद्धि के दृष्टिगत प्रदेश सरकार ने मोबाइल पशु चिकित्सा सेवाएं सुदृढ़ करने की दिशा में एक नई पहल की है।

मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू के कुशल नेतृत्व में राज्य सरकार यह सुनिश्चित करने की दिशा में आगे बढ़ रही है कि पशुधन को समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण उपचार प्रदान किया जाए और पशुपालकों को पशु औषधालयों पर जाने और गुणवत्तापूर्ण दवाओं का लाभ उठाने जैसे अतिरिक्त खर्चों से बचाया जाए। इस उद्देश्य से प्रदेश में संजीवनी परियोजना आरंभ की जा रही है।

वर्तमान में प्रदेश में पशुधन के लिए कृत्रिम गभार्धान, दवाएं, टीकाकरण, सर्जरी, बांझपन परीक्षण इत्यादि पशु चिकित्सा सेवाएं प्रदान की जा रही हैं। इनका लाभ उठाने या उचित स्वास्थ्य देखभाल सुनिश्चित करने के लिए पशुपालकों को अपने पशुओं को निकटतम पशु औषधालयों में ले जाना पड़ता है। इससे यात्रा और परिवहन पर अतिरिक्त खर्च होता है। कई बार समय पर उपचार के अभाव में पशु बीमार होकर दम तोड़ देते हैं। ऐसे में प्रदेश में मोबाइल पशु चिकित्सा क्लीनिक स्थापित करने का प्रस्ताव है और यह क्लीनिक किसानों के घर-द्वार पर पशु चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध करवाएंगे। पशुपालन विभाग ने संजीवनी परियोजना के लिए इंडसइंड बैंक की सहायक कंपनी भारत फ इनेंशियल इन्क्लूजन लिमिटेड बीएफ आईएल के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। राष्ट्रीय पशु रोग नियंत्रण कार्यक्रम-पशुपालन विभाग-मोबाइल पशु चिकित्सा वैन एनएडीसीपी- एएचडी-एमवीयूद्ध के तहत संजीवनी परियोजना घर-घर तक पशुधन देखभाल सुविधा सुनिश्चित करेगी और विभिन्न पशु चिकित्सा सेवाएं सिर्फ एक फोन कॉल पर उपलब्ध होंगी।

**8 प्रदेश सरकार ने मोबाइल पशु चिकित्सा सेवाएं सुदृढ़ करने की दिशा में एक नई पहल की है।**

परियोजना के तहत पशुधन स्वास्थ्य देखभाल और टीकाकरण कार्यक्रम से संबंधित विभिन्न मामलों के लिए निदेशालय स्तर पर एकीकृत कॉल सेंटर स्थापित किया जाएगा। यह केंद्र पशुपालकों को टेली-मेडिकल-परामर्श, सरकारी योजनाओं की जानकारी, विशेष रूप से पशुधन स्वास्थ्य और रोग नियंत्रण कार्यक्रम, शिकायत निवारण, प्रश्न-समाधान आदि जैसे विभिन्न पहलुओं पर व्यक्तिगत सहायता प्रदान करेगा। इसके अंतर्गत प्रदेश के 12 जिलों में स्थित 44 खंडों में किसानों को सेवाएं उपलब्ध करवाई जाएंगी। राज्य में केंद्रीकृत कॉल सेंटर को इन 44 मोबाइल पशु चिकित्सा एम्बुलेंस के साथ एकीकृत किया जाएगा। कॉल सेंटर मोबाइल पशु चिकित्सा क्लीनिक वाहन और कार्यरत पशुधन क्लीनिक के बीच समन्वय सुनिश्चित करेगा। इससे पशु औषधालयों तक जाने और बीमार पशुओं के लिए गुणवत्तापूर्ण दवाएं प्राप्त करने पर किसानों का अतिरिक्त खर्च व समय बच सकेगा।

पशु चिकित्सा सेवाओं में उपचारात्मक सेवाएं, टीकाकरण, कृत्रिम गभार्धान, निवारक देखभाल और पशुपालन से संबंधित सभी जानकारी घर-द्वार पर उपलब्ध होंगी। एकीकृत टेलीमेडिसिन और सेवा प्रबंधन मंच के माध्यम से पशुपालन विभाग की फील्ड पशु चिकित्सा सेवाओं को तैनात किया जाएगा। यह प्लेटफॉर्म मोबाइल फोन एप्लिकेशन के माध्यम से पशु चिकित्सकों और किसानों को आपस में जोड़ेगा। मोबाइल ऐप सेवा वितरण, निर्धारित दवाओं और पशुओं की बीमारियों से संबंधित डेटा की दक्षता को भी ट्रैक करेगा। पशु चिकित्सा सेवाओं के अलावा किसानों को उनके पशुओं के लिए पोषण देखभाल पर भी मार्गदर्शन प्रदान किया जाएगा।

# मुख्यमंत्री ने अधिकारी के निधन पर शोक व्यक्त किया

**टीम एक्शन इंडिया/शिमला/चमन शर्मा**

मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने वर्ष 2015 बैच के भारतीय प्रशासनिक सेवा अधिकारी अश्वनी राज शाह के आकस्मिक निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है।

वह मूलरूप से कांगड़ा जिला के रहने वाले थे। ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि उनका प्रशासनिक सेवा में कार्यकाल अतुलनीय रहा है। मुख्यमंत्री ने दिवंगत आत्मा की शांति तथा शोकाकुल परिजनों को इस अपूर्णीय क्षति को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की है।

# उपमंडल बंजार में महिला सम्मेलन का हुआ आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया/कुल्लू/श्याम कुल्वी**

जिला कुल्लू के उपमंडल बंजार में महिला सम्मेलन का आयोजन हुआ। यह आयोजन हिमालयन ग्राम संगठन गोपालपुर के बैनर तले आयोजित हुआ। इस सम्मेलन में चार पंचायतों के 15 महिला मंडलों की सैंकड़ों महिलाओं ने भाग लिया और विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए। बंजार के युवा नेता एवं जिला कांग्रेस के महामंत्री तेजा ठाकुर कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि पहुंचे। उनके साथ टीसी महंत, जीत राम, बीडीसी नरोत्तम ठाकुर, नरेंद्र व बुध राम आदि भी मौजूद रहे। उनका वहां पहुंचने पर ढोल-नगाड़ों के साथ भव्य



स्वागत किया गया और सैंकड़ों महिलाओं ने फूलों के हार पहनाकर भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर प्रधान गोपालपुर सेस राम, भृतभूषन, हिमालयन ग्राम संगठन की प्रधान तारा ठाकुर, सचिव टेला देवी, सलाहकार लता ठाकुर आदि विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस अवसर पर जहां विभिन्न खेलों में महिलाओं ने भाग लिया वहीं सांस्कृतिक कार्यक्रम भी पेश किए गए। नाटी में महिला मंडल सेहुली प्रथम रहा जबकि ग्राम पंचायत चकुरठा, कोटला, थाटीबीड़ और गोपालपुर की सभी महिलाओं ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि तेजा ठाकुर ने कहा कि आज महिलाएं हर क्षेत्र में आगे हैं और पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चल रही है। उन्होंने कहा कि हिमाचल सरकार भी महिलाओं के उत्थान व सशक्तिकरण के लिए हमेशा प्रयासरत है। इस अवसर पर उन्होंने सफल आयोजन के लिए 15000 व हर महिला मंडल को 1100 रुपए अपनी ऐच्छिक निधि से दिए।

# एनएसयूआई ने मनाया स्थापना दिवस

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**

एनएसयूआई इकाई बंगाणा ने रविवार को अपना स्थापना दिवस प्रवासी बच्चों संग मनाया। एनएसयूआई के कैंपस अध्यक्ष सूरज शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम के दौरान प्रवासी बच्चों को फल वितरित किए गए।

इस अवसर पर युवा कांग्रेस के अध्यक्ष नीरज ठाकुर विशेष रूप से उपस्थित रहे। अध्यक्ष नीरज ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने कभी भी जाति धर्म वर्ग विशेष की राजनीति नहीं की। कांग्रेस पार्टी लोकतंत्र व गरीब मजलूम



व सताए हुए लोगों के अधिकारों के लिए लड़ती है। इस मौके पर उपाध्यक्ष राहुल राणा, सचिव सौरव ठाकुर, पूर्व कैंपस अध्यक्ष मुनीष भारती, सचिन, अभी शर्मा, नवीन राणा, अभिषेक ठाकुर व अखिल शर्मा उपस्थित रहे।

# भाजपा 12 अप्रैल को नगर निगम शिमला के सभी 34 वार्डों के प्रत्याशियों की घोषणा करेगी: टंडन



**टीम एक्शन इंडिया/शिमला/चमन शर्मा**

भाजपा की नगर निगम शिमला के चुनावों को लेकर एक विशेष बैठक का आयोजन भाजपा मुख्यालय दीप कमल चक्कर शिमला में किया इस बैठक में भाजपा के प्रदेश प्रभारी संजय टंडन, प्रदेश अध्यक्ष सुरेश कश्यप, प्रत्याशी एवं पूर्व मंत्री सुरेश भारद्वाज, संजय सूद, रवि मेहता, प्रदेश कार्यालय सचिव प्यार सिंह कंवर, जिला अध्यक्ष विजय परमार, जिला प्रभारी डी जी ठाकुर, मंडल अध्यक्ष जितेंद्र भोटका, दिनेश ठाकुर एवं शिमला मंडल के महामंत्री सुशील चौहान उपस्थित रहे।

बैठक की अध्यक्षता भाजपा के पूर्व मंत्री विधायक एवं नगर निगम चुनाव प्रभारी सुखराम चौधरी द्वारा की गई है।भाजपा प्रदेश सह प्रभारी संजय टंडन ने कहा कि हमारी सभी 34 वार्डों की बैठकें हो चुकी है और हमारे प्रवासी प्रभारी अपनी रिपोर्ट अगले 3 दिनों में पार्टी को सौंपेंगे। उन्होंने कहा कि 12 अप्रैल को चुनाव समिति की बैठक शिमला में होगी जिसमें भाजपा के नगर निगम में 34 प्रत्याशियों की घोषणा की जाएगी। उन्होंने कहा कि जल्द ही हम मेनिफेस्टो और दृष्टि पत्र के लिए एक टीम की घोषणा भी करेंगे जिसमें भाजपा सरकार और नगर निगम की उपलब्धियों को जनता के समक्ष रखा जाएगा। उन्होंने कहा कि 13,17 और 18 अप्रैल को भाजपा के प्रत्याशी नामांकन भरेंगे, उन्होंने कहा कि 30 अप्रैल को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम का 100 वे एपिसोड का प्रसारण होगा इसको नगर निगम की दृष्टि से बूथ स्तर पर किया जाएगा और यह नगर निगम चुनाव के प्रचार का आखरी दिन होगा। उन्होंने कहा कि कुछ ऐसे मुद्दे भी हमारे समक्ष आए हैं जय कई कांग्रेस नेता वहां बड़ी तादाद में वोट बनाने का प्रयास कर रहे हैं जहां आपत्ति दर्ज की जा सकती है, जैसे कई मंत्रियों के घरों में बड़ी तादाद में वोटों का आवेदन किया जा रहे हैं।

# हितकारिणी सभा के विस्तार को लेकर चर्चा

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**

गांव सैंसोवाल में त्रैमासिक बैठक रविवार को हरोली हितकारिणी सभा की बैठक अध्यक्ष अरुणा शर्मा की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक के दौरान संस्था का विस्तार करने बारे चर्चा की गई। वहीं समाज के दीन-हीन एवं अत्यंत गरीब की पहचान कर चिन्हित करने बारे भी जानकारी प्रदान की गई। इस दौरान सभा सदस्यों द्वारा सभी विधानसभा क्षेत्रों में भी हितकारिणी सभा का विस्तार एवं समिति गठित करने व एक यूनिट जिला स्तर तय करने का निर्णय लिया गया।

# हिमाचल पेंशनर्स संघ कुल्लू ने मुख्य संसदीय सचिव को किया सम्मानित

**टीम एक्शन इंडिया/कुल्लू/श्याम कुल्वी**

मुख्य संसदीय सचिव ऊर्जा, पर्यटन, वन एवं परिवहन सुंदर सिंह ठाकुर ने गत दिवस हिमाचल प्रदेश पेंशनर संघ कुल्लू द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कहा कि प्रदेश के विकास में सेवानिवृत्त कर्मचारियों की अहम भूमिका रही है। सेवानिवृत्त कर्मचारियों द्वारा अपने सेवा काल में दी गई सेवाओं से ही आज प्रदेश अनेक क्षेत्रों में देशभर में अग्रणी राज्य बन कर उभरा है । उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार पेंशनरों व कर्मचारियों के हितों के संरक्षण के प्रति वचनबद्ध है। मुख्य संसदीय सचिव ने कहा कि प्रदेश सरकार ने अपने चुनाव घोषणा पत्र में किये वायदे के अनुरूप पुरानी पेंशन को बहाल



करने का निर्णय लिया है इस निर्णय से प्रदेश के एक लाख 36 हजार से अधिक कर्मचारी लाभान्वित होंगे। कुल्लू के विकास की चर्चा करते उन्होंने कहा कि क्षेत्रीय अस्पताल कुल्लू में डॉक्टरों के सभी पद भर दिये गए हैं। ताकि लोगों को ईलाज के लिए बाहर न जाना पड़े। उन्होंने कहा कि ऐसी व्यवस्था की जा रही है कि मरीजों को अस्पताल में ही सभी दवाइयां उपलब्ध हो तथा मरीजों को बाहर से महंगी दवा न खरीदनी पड़े। उन्होंने कहा कि कुल्लू शहर का सौंदर्य करण किया जाएगा जहां बरिष्ठ नागरिकों को बेहतरीन सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाएगी। उन्होंने कहा कि डे केयर सेंटर खंड विकास अधिकारी कार्यालय कुल्लू के समीप बनाया जा रहा है जिसके लिए 10 लाख रुपए की राशि जारी की गई है उन्होंने कहा कि वरिष्ठ नागरिकों को ढालपुर में बैठने के लिए स्थान चिन्हित किया जा रहा है जिसके लिए 10 लाख रुपए की राशि जारी की गई है। उन्होंने भुंतर से कुल्लू के बीच 5 रैन शेल्टर का निर्माण किया जाएगा जिसके लिए 25लाख रुपए की राशि जारी की गई है। उन्होंने कहा कि कुल्लू जिला के प्रसिद्ध धार्मिक व पर्यटक स्थल बिजली महादेव को रोपवे से जोड़ा जाएगा जिस पर 240 करोड़ पर से अधिक की राशि खर्च होगी।

# जल्द शुरू होगा टकसाल कालोनी को बनाये जाने वाले एम्बुलेंस रोड का कार्य

**टीम एक्शन इंडिया/परवाणू/ग्रोवर**

कालका की ओर से हिमाचल प्रवेश करने पर पड़ने वाली प्रदेश की पहली ग्राम पंचायत टकसाल की टकसाल कॉलोनी मे रहने वाले लोगो के लिए अच्छी खबर आई है। अभी तक सडक से महरूम इस कॉलोनी के लोगो के लिए जल्द ही एम्बुलेंस रोड का निर्माण कार्य शुरू होने जा रहा है। इस से इस कॉलोनी मे रहने वाले लोगो की कई समस्याओ का अंत हो जाएगा। यह कॉलोनी वर्षो से सडक के अभाव का दंश झेलती आ रही है। आलम यह है की कॉलोनी मे किसी के बीमार होने की स्थिति मे मरीज को कंधो पर लादकर मेन रोड पर लाना पड़ता है। अब रोड का



निर्माण कार्य शुरू होने से लोगो को बड़ी राहत मिलेगी। बता दे की टकसाल कालोनी को बनाए जाने वाले एम्बुलेंस रोड के लिए चार लाख रूपए की राशि स्वीकृत हो चुकी है।

पिछले वर्ष रोड बनाने का कार्य शुरू भी किया गया था परन्तु भारी बरसात और बाद में आचार संहिता के चलते कार्य रुक गया था। अब रोड बनाने का कार्य फिर से जल्द ही शुरू होने वाला है, जोकि टकसाल कॉलोनी के वासियों के लिए एक अच्छी खबर है। बताया जा रहा है की इस रोड के निर्माण से पहले साथ लगती एक कंपनी से किसी मसले पर पंचायत का अग्रीमेंट होना है, अग्रीमेंट की फॉर्मेलिटी पूरी होते ही एम्बुलेंस रोड का निर्माण शुरू हो जाएगा।

क्या क्या समस्याएं झेल रहे टकसाल कालोनी के बाशिंदे :

रोड की सुविधा ना होने से वहां रह रहे लोगों को कई समस्याओं से जूझना पड़ रहा है। यदि कॉलोनी मे कोई बीमार हो या कोई महिला गर्भवती हो तो प्रसव के दौरान उन्हें कंधे पर या फिर चारपाई पर लेटाकर मुख्य रोड तक लाना पड़ता है। कालोनी वासियों की एक परेशानी यह भी थी की उन्हें अपनी गाडि?ां आयशर गेट या कसौली रोड के किनारे खड़ी करनी पड़ती है। यहाँ कई बार असामाजिक तत्वों द्वारा वाहनों के शीशे तोड़े जाने की घटनाए हो चुकी है, जिस कारण लोगों को नुक्सान उठाना पड़ा है। लोगो का कहना है की सेक्टर-05 से होते हुए बनाये जाने वाले इस रोड को पुरे नियमों के अनुसार बनाया जाए। रोड को पक्का कर पहाड़ी की ओर डंगा लगाया जाए ताकि भविष्य में भारी बरसात होने पर भी रोड को कोई नुक्सान ना हो। उधर, इस बारे ग्राम पंचायत टकसाल के उपप्रधान नीरज शर्मा ने बताया की टकसाल कॉलोनी को बनाया जाने वाले एम्बुलेंस रोड का निर्माण कार्य जल्द ही शुरू करवा दिया जाएगा। उन्होंने बताया की निर्माण से पूर्व वहां स्थित एक औद्योगिक इकाई के साथ ग्राम पंचायत टकसाल का एक अग्रीमेंट होना है। एक हफ्ते तक अग्रीमेंट संबंधी फॉर्मेलिटी पूरी कर ली जाएगी।

# क्षेत्रीय अस्पताल व एमसीएच में वरिष्ठ आईएएस अधिकारी ने किया निरीक्षण

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**

रीजनल हॉस्पिटल ऊना व मदर एंड चाइल्ड हॉस्पिटल सेंटर ऊना में रविवार को हिमाचल प्रदेश के तकनीकी शिक्षा सचिव एवं वरिष्ठ आईएएस अधिकारी अभिषेक जैन द्वारा औचक निरीक्षण किया गया। इस दौरान आईएएम अभिषेक जैन ने मदर एंड चाइल्ड हॉस्पिटल सेंटर में खर्च होने वाली 2803.98 करोड़ की धनराशि व बचे हुए काम के बारे एचपी पीडब्ल्यूडी इंजिनियर इन चीफ से फोन पर जानकारी ली और इसे जल्दी पूरा करने के



निर्देश दिए। इस दौरान अभिषेक जैन ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी मंजू बहल को स्कूल स्वास्थ्य कार्यक्रम और चिकित्सा अधीक्षक ऊना को भी कोविड से होने वाली मौत, खाली कर्मचारियों पद के बारे में पूरी जानकारी देने के निर्देश दिए। वहीं कोविड कर्मचारियों का अनुबंध आगे करने का आश्वासन दिया। इसके साथ ही उन्होंने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को पीएनडीपी एक्ट को सख्ती से लागू करने के निर्देश दिए।

# हमने दिया 100 दिन का हिसाब, अब पूर्व मंत्री कंवर दें अपना रिपोर्ट कार्डः भुट्टो

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**

राज्य सरकार के सौ दिनों के कार्यकाल के रिपोर्ट कार्ड हमने कुटलैहड़ की जनता के सामने रख दिया है। अब पूर्व मंत्री भी अपने बीस वर्षों का रिपोर्ट कार्ड कुटलैहड़ की जनता के सामने पेश करे। यह बात कुटलैहड़ के विधायक देवेंद्र भुट्टो ने विश्राम गृह बंगाणा में आयोजित पत्रकार वार्ता के दौरान कही।



विधायक देवेंद्र भुट्टो ने कहा कि पूर्व मंत्री बताए कि पिछले 20 वर्षों अवैध कटान, खनन या अन्य माफियों पर कितनी कार्यवाई हुई है। उन्होंने कहा कि अगर सत्ता और मंत्री रहते हुए अपने चम्मचों से बाहर निकल कर जनता का काम करते, तो कुटलैहड़ की जनता उन्हें इतनी बड़ी हार नहीं देती। देवेंद्र भुटटो ने कहा कि हमने सौ दिनों के कार्यकाल में कुटलैहड़ की जनता के लिए 60 करोड़ की पेयजल योजना, बुढ़वार में सौ ऊर्जा की डीपीआर तैयार करवाना, लाठियाणी-मंदली पुल के निर्माण के लिए 900 करोड़ का प्रावधान करवाना, 1,74 करोड़ स्कूली भवनों खेल मैदानों एवं अन्य अधूरे कार्यो को पूरा करवाने के लिए स्वीकृत करवाना, बंगाणा मुख्यालय के लिए भूमि चयनित करके बोर्डिंग स्कूल खुलवाना की स्वीकृति, कुटलैहड़ के अंदरोली में राष्ट्रीय पुलिस मोटर वोट प्रतियोगता, बंगाणा अस्पताल को मॉडल यानी 100 बैड अस्पताल बनाने की स्वीकृति दिलाई है। भुटटो ने कहा कि पिपलू मेले में आने पर सीएम सुखविंद्र सूक्खू से कुटलैहड़ के विकास के लिए करोड़ो के उद्घाटन ओर शिलान्यास करवाएं जाएंगे।

इस मौके पर कुटलैहड़ कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष राम आसरा शर्मा, महासचिव प्रवीण पादा, पूर्व प्रधान सुदर्शन शर्मा, कैप्टन प्रीतम चंद ठाकुर व किशोरी समेत अन्य मौजूद रहे।

# कांग्रेस ने किया संगड़ाह बीडीसी पर कब्जा

**8 अध्यक्ष पद पर तजेंद्र कमल व उपाध्यक्ष पद पर चतर सिंह को किया निर्वाचित घोषित**

**टीम एक्शन इंडिया/नाहन/एसपी जैरथ**

जिला सिरमौर के उपमंडल संगड़ाह बीडीसी पर कांग्रेस समर्थित सदस्यों ने कब्जा कर लिया। अध्यक्ष पद पर बोगधार के शामरा गांव के तजेंद्र कमल पुत्र सत्यपाल व उपाध्यक्ष पद पर जामूकोटी के खालाक्यार गांव के चतर सिंह पुत्र लायक राम निर्वाचित घोषित कर दिए गए हैं। दिलचस्प ये है कि भाजपा ने भी अंतिम समय तक दम दिखाया। कांग्रेस के अध्यक्ष पद के प्रत्याशी को 17 में से 9 वोट हासिल हुए। जबकि उपाध्यक्ष पद के प्रत्याशी को 10 मत प्राप्त हुए। बता दें कि अविश्वास प्रस्ताव पर 11 सदस्यों ने हस्ताक्षर किए थे। 24 मार्च को अविश्वास प्रस्ताव पारित होने के बाद भाजपा समर्थित अध्यक्ष व उपाध्यक्ष को पदों से हटा दिया गया था। 17 सदस्यों की बीडीसी में अध्यक्ष व उपाध्यक्ष पद के लिए पहली बैठक में कांग्रेस समर्थित सदस्यों ने हिस्सा नहीं लिया था। लिहाजा, 8 अप्रैल को तय बैठक में साधारण बहुमत से ही अध्यक्ष व उपाध्यक्ष का फैसला होना था। इसी के चलते कांग्रेस व भाजपा समर्थित सदस्य चुनावी बैठक में पहुंच गए।



गौरतलब है कि दो साल पहले भाजपा समर्थित मेला राम शर्मा भी एक वोट के अंतर से बीडीसी संगड़ाह के अध्यक्ष बने थे। चुनाव में भाजपा के अध्यक्ष पद के प्रत्याशी को 8 वोट प्राप्त हुए, जबकि उपाध्यक्ष पद के प्रत्याशी को 7 वोट मिले।

# ऊना में पहली ओपन रोलर स्केटिंग प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**8 शहीद भगत सिंह युवा खेल क्लब द्वारा आयोजित हुई प्रतियोगिता, प्रतियोगिता में जतिन व अरमिशा को बेहतरीन खिलाड़ी**

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**

शहीद भगत सिंह युवा खेल क्लब द्वारा लडके और लड़कियों की पहली ओपन रोलर स्केटिंग प्रतियोगिता का आयोजन करवाया गया। रविवार को डीएवी सेंटेनरी पब्लिक स्कूल ऊना के खेल परिसर में आयोजित प्रतियोगिता का शुभारंभ क्लब के अध्यक्ष बलविंदर सिंह ने किया और प्रतियोगिता में विजेता रहने वाले खिलाडियों को सम्मानित भी किया गया।



इस रोलर स्केटिंग प्रतियोगिता में जिला ऊना के 7 स्कूलों के लगभग 50 रोलर स्केटिंग खिलाड़ियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता को विभिन्न वर्गों में बांटा गया था, जिसमें लडके और लड़कियों को विभिन्न आयु वर्ग की स्पधाओं में खिलाडियों ने अपनी प्रतिभा दिखाई। प्रतियोगिता में अंडर-9 लड़कियों की 300 मीटर रेस में अरमिशा, अधबिका तथा प्रतिभा ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया। लडकों के अंडर-9 आयु वर्ग में कृषभ प्रथम, वंश काफिला द्वितीय व रिहान पूरी तृतीय स्थान पर रहे। लड़कियों की अंडर-11 300 मीटर प्रतियोगिता में अनाया तथा अनुष्का ने पहला तथा दूसरा स्थान प्राप्त किया। लडकों के अंडर-11 500 मीटर प्रतियोगिता में वेदांत सोनी, वरदान कपिला व आरंभ तथा रियांश ने पहला, दूसरा तीसरा तथा चौथा स्थान प्राप्त किया। लड़कियों की अंडर-14 300 मीटर तथा 500 मीटर प्रतियोगिता में आशिया तथा प्रिंसेस मेहरा पहले तथा दूसरे स्थान पर रहे।

जतिन शर्मा तथा अरमिशा को टूनार्मेंट के सबसे बेहतरीन खिलाड़ी होने पर पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर डॉक्टर रितेश सोनी, जीत सिंह, आशुतोष लखनपाल, महेंद्र सैनी व राज कुमार उपस्थित रहे।

## वाड़ेवाल में आपसी विवाद के चलते मारपीट

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**

थाना हरोली के तहत गांव वाड़ेवाल में आपसी विवाद के चलते मारपीट हुई है। मारपीट में एक व्यक्ति को चोटें आई है। पुलिस ने घायल व्यक्ति की शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में बलविंद्र सिंह निवासी वाड़ेवाल ने बताया कि शनिवार को अपने गांव के पंचायत घर पास मौजूद था। इसी दौरान गांव के ही बबली व उसकी बेटी मनदीप कौर ने मेरे साथ गाली-गलौच क करना शुरू कर दिया। इसके बारे में पंचायत प्रधान को बताया, तो बबली के पति बग्गा ने भी मेरे साथ मारपीट करनी शुरू कर दी।

# संक्षिप्त खबरें

## धमेटा प्रशिक्षण संस्थान में कैपस इन्टरवयु 10अप्रैल को

**टीम एक्शन इंडिया/फ तेहपुर/विजय समयाल**

औधोगिक प्रशिक्षण संस्थान धमेटा मे 10 अप्रैल को गुजरात की एक प्रतिष्ठित कम्पनी सुजूकी मोटरस प्राइवेट लिमिटेड कैंपस साक्षात्कार के माध्यम से युवको का चयन नौकरी के लिए किया जाएगा संस्थान के प्रधानाचार्य चैन सिह राणा ने जानकारी देते हुए बताया कि यह कम्पनी कैपस मे युवाओं की आयु 18 से 24 वर्ष रखी गयी है तथा इच्छुक अभ्यारथी अपने सभी मुल प्रमाण पत्र सहित इन्टरवयु मे हिसा ले कम्पनी द्वारा चयन होने पर मासिक सीटीसी के रुप मे 21000 रुपये तथा 14825 इन हैड व अन्य सुविधाएँ प्रदान की जाएगी व अभियारथी को सुबह 10 बजे से पहले औधोगिक प्रशिक्षण संस्थान मे पहुंचना होगा।

## बदोली में दहाजा कार्यक्रम कल को

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**

ग्राम पंचायत बदोली में धार्मिक कार्यक्रम दहाजा का आयोजन 11 अप्रैल को किया जाएगा। बाबा सिद्ध चानों मंदिर कमेटी एवं बदोली वासियों के सहयोग से कराए जाने वाले दहाजा आयोजन में बंगाणा के लठियाणी की पवनु एंड पार्टी प्रमुख रूप से पहुंचेगी। धार्मिक आयोजन में बाबा सिद्ध चानों जी का जीवन संदेश झांकियों के माध्यम से संगत को दशार्या जाएगा। बाबा सिद्ध चानों मंदिर कमेटी बदोली के प्रधान राम आसरा ने बताया कि 11 अप्रैल को दहाजे का आयोजन देर शाम शुरू कर दिया जाएगा। बाबा सिद्ध चानों की झाकियां इसका मुख्य आकर्षण रहेंगी।

## कांग्रेस एससी सेल के अध्यक्ष पर दराट से हमला, लहुलूहान

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**

संतोषगढ़ शिव मंदिर के समीप कांग्रेस एससी सेल के अध्यक्ष सहित दो पर तलवार व दराट से हमला हुआ है। हमले में कांग्रेस एससी सेल अध्यक्ष सहित दो लोग लहुलूहान हुआ है। जिनका स्थानीय अस्पताल में उपचार करवाया गया। वहीं पुलिस ने शिकायत के बाद छह आरोपियों पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस को दी शिकायत में कांग्रेस एससी सेल के अध्यक्ष रविकांत बस्सी निवासी संतोषगढ़ ने बताया कि शनिवार को अपने दोस्त सौरव सहगल के साथ संतोषगढ़ में शनि मंदिर के पास मौजूद था। इस दौरान गांव का शुभम रायजादा अपने साथियों के साथ मौके पर पहुंच गया और जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए मारपीट करनी शुरू कर दी। इतना ही नहीं शुभम रायजादा व रविंद्र राणा निवासी संतोषगढ़, डिग्गी निवासी रक्कड़ कलोनी, राघव कपिला निवासी ऊना, मनू राणा व दीपांशु कौशल निवासी संतोषगढ़ ने दराट व तलवारों से हमला करना शुरू कर दिया। हमले में रविकांत बस्सी व सौरव सहगल गंभीर रूप से लहुलूहान हो गए। जिन्हे उपचार के लिए स्थानीय अस्पताल ले जाया गया। मामले की पुष्टि करते हुए एसपी अर्जित सेन ठाकुर ने बताया कि पुलिस ने शिकायत के बाद छह आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## बारिश और सूखे की मार झेल रहे किसानों को मुआवजा दे सरकारः कंवर

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**

पिछले दिनों प्रदेश में हुई बेमौसमी बरसात के कारण हिमाचल प्रदेश के किसानों को बहुत नुकसान झेलना पड़ा है। पहले सूखे के कारण और फिर बेमौसमी बरसात ने फसलों को नुकसान पहुंचाया है। रविवार को जारी ब्यान में पूर्व कृषि मंत्री वीरेंद्र कंवर ने किसानों के हुए नुकसान के लिए सरकार से उचित मुआवजा दिए जाने की मांग की है।

पूर्व मंत्री ने कहा है कि प्रदेश सरकार राज्य के किसानों की अनदेखी कर रही है और अभी तक मौसम की मार झेल रहे किसानों की कोई सुध नहीं ली जा रही है। कंवर ने कांग्रेस सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि कांग्रेस किसानों के हितों की रक्षा का दम भरते हुए सत्ता पर काबिज हुई थी, लेकिन उनकी मुश्किलों को समझने में नाकाम रही है। कंवर ने कहा कि अभी तक सरकार द्वारा फसलों को हुए नुकसान का जायजा तक नहीं लिया गया है। पूर्व कृषि मंत्री ने कहा है कि सरकार द्वारा जल्द से जल्द एक सर्वे करवाकर किसानों के नुकसान का आंकलन करवाया जाना चाहिए और उन्हें हुए नुकसान का उचित मुआवजा किसानों को मिलना चाहिए।

# रायपुर सहोड़ा में खूनी संघर्ष के बाद अस्पताल में भिड़े युवक

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**

शनिवार रात को गांव रायपुर सहोड़ा के बाद क्षेत्रीय अस्पताल ऊना में हुए खूनी संघर्ष में 8 लोग घायल हुए हैं। दराट, तलवारें व ग्रिप से लहुलूहान युवकों का क्षेत्रीय अस्पताल ऊना में उपचार करवाया गया। वहीं पुलिस ने तीन अलग-अलग शिकायतों के आधार पर कुल 19 युवकों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस को दी शिकायत में गुरप्रीत सिंह निवासी रायपुर सहोड़ा ने बताया कि शनिवार रात को अपने दोस्तों गुरमुख सिंह, जगरुप सिंह, जगवीर व जग्गा के साथ मैहतपुर से अपने घर रायेपुर सहोडा जा रहा था। रायेपुर सहोडा चौक के पास कुलवंत सिंह व सतनाम सिंह निवासी उदयपुर रास्ता रोककर गाली गलौच करने लगे। इतने में सुरेन्द्र सिंह व पंकज निवासी रायेपुर सहोडा भी मौका पर आ गए। इन सभी ने मारपीट करना शुरू कर दी। इसके बाद रिक्की गिल व बिंदी निवासी जनकौर भी आए और रिक्की गिल ने अपने हाथ में लिए तेजधार हथियार से मेरे सिर पर वार कर दिया। इस मारपीट से दोस्तों ने बीच-बचाव किया, तो उनपर पर वार किए। मारपीट में पांच घायलों का सीएचसी संतोषगढ़ में उपचार करवाया गया। पुलिस ने गुरप्रीत की शिकायत पर छह के खिलाफ मामला दर्ज किया है। वहीं दूसरी ओर पंकज कुमार निवासी रायपुर सहोडा ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि शनिवार रात को अपने दोस्त सतनाम सिंह व जसवंत सिंह के साथ गांव में खड़ा था, तो सुरिन्द्र सिंह व दलवीर उर्फ रिक्की अपने घर की गली की तरफ से बाजार की तरफ आ रहे थे। इतने में समय जगरुप निवासी सनौली मजारा, जग्गा, गोल्डी व गुरमुख सिंह ने सुरिन्द्र सिंह व रिक्की को रास्ता मे रोककर हाथों मुक्कों से मारपीट शुरू कर दी। इतने में जगरुप ने अपने हाथ मे लिए दराट का वार सुरिन्द्र पर कर दिया। इस दौरान सुरिंद्र कुमार के हाथ से खून बहने लगा। तीनों हमलावर सुरिंद्र कुमार को लहुलूहान हालत में छोडकर फरार हो गए। घायल सुरेंद्र कुमार को उपचार के लिए क्षेत्रीय अस्पताल ऊना लाया गया। वहीं कुलवंत सिंह निवासी उदयपुर ने बताया कि शनिवार रात को रायपुर सहोड़ा में हुई मारपीट में घायल सुरेंद्र सिंह को उपचार के लिए क्षेत्रीय अस्पताल ऊना लेकर पहुंचे, तो एमरजैंसी वार्ड की गैलरी में जगरुप निवासी सनोली मजारा, जग्गो सनोली मजारा, सुरिन्द्र सिंह निवासी देहलां, गुरप्रीत सिंह निवासी रायपुर सहोड़ा, जग्गा गोलथाई, गुरमुख निवासी सनोली मजारा, आशु पुरी संतोषगढ़, आंशु पुरी निवासी संतोषगढ़ ने मुझे व दविन्द्र सिंह को हुरे- मुक्कों से मारना शुरू कर दिया। दविन्द्र सिंह की आंख में ग्रीप से हमला किया गया। एसपी ऊना अर्जित सेन ने बताया कि पुलिस ने शिकायत के आधार पर क्रॉस केस दर्ज करते हुए जांच शुरू कर दी है।

## नुकीले हथियार के वार से युवक घायल, मामला दर्ज

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**

प्रोफेसर कॉलोनी ऊना के समीप आपसी विवाद के चलते एक युवककी बुरी तरह से पिटाई कर दी। मारपीट में एक युवक गंभीर रूप से लहूलुहान हो गया। जिसका उपचार क्षेत्रीय अस्पताल ऊना में करवाया गया। वहीं पुलिस ने शिकायत के बाद मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में विक्रम ठाकुर ने बताया कि शनिवार को अपने दोस्त अभिषेक के साथ स्कूटी पर सवार होकर बहड़ाला के ओर जा रहा था। प्रोफेसर कॉलोनी ऊना के समीप पहुंचने पर अपने दोस्त साबी से मिलने के लिए रूका।

# मां चिंतपूर्णी के दरबार में उमड़ा सैलाब

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**

उत्तर भारत के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल मां छिन्नमस्तिका धाम चिंतपूर्णी के दरबार में रविवार को भारी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। छुट्टी होने के चलते बाहरी राज्यों से भक्तों का हजूम उमड़ा। भक्तों की बढ़ती कतारों को देखते हुए मंदिर व पुलिस प्रशासन भी चौकन्ना नजर आया। वहीं मंदिर व्यवस्थाओं का वरिष्ठ आईएएस अधिकारी अभिषेक जैन मंदिर पहुंचे और व्यवस्थाओं का जायजा लिया।



बता दें कि मां चिंतपूर्णी के दरबार में रविवार को हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने मां दरबार में माथा टेका। बाहरी राज्यों से आने वाले श्रद्धालुओं चलते टैफिक प्रशासन को जाम खुलवाने में कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। वहीं मंदिर में बढ़ती भीड़ के चलते प्रशासन की सारी व्यवस्थाएं विफल होती नजर आई। मंदिर में हुए जाम की खुलवाने के लिए थाना प्रभारी चिंतपूर्णी रोहिणी ठाकुर ने खुद मोर्चा संभाला।

# अंडर-19 क्रिकेट टीम के लिए 60 खिलाड़ियों ने बहाया पसीना

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**

इंदिरा गांधी खेल परिसर ऊना में रविवार को जिला स्तरीय अंडर-19 क्रिकेट टीम के गठन को लेकर खिलाड़ियों के ट्रायल लिए गए। जिला क्रिकेट संघ के अध्यक्ष मदन पुरी महासचिव नरेंद्र कपिला पदाधिकारियों में सतरूप परिहार, टोनी समेत डीसीए के मुख्य चयनकर्ता राजकुमार, प्रशिक्षकों में अशोक ठाकुर और राहुल शर्मा ने ट्रायल में हिस्सा ले रहे 60 खिलाड़ियों के हुनर को परखा। जिला क्रिकेट संघ के अध्यक्ष मदन पुरी ने बताया कि हिमाचल प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा 28 अप्रैल से तीन दिवसीय मैचों की अंतर जिला अंडर-19 क्रिकेट प्रतियोगिता शुरू की जा रही है।



उन्होंने बताया कि चार खेल मैदानों पर इस प्रतियोगिता के सभी मैच खेले जाने हैं। जिसके लिए जिला स्तरीय टीम के गठन को लेकर ट्रायल का आयोजन किया गया। उन्होंने बताया कि चयनित खिलाडि ?ों में राघव अग्रिहोत्री, रोबिन संदल, परिक्षित कंवर, चंदन कुमार, अभिनव शर्मा, धमेंद्र कुमार, विनायक कपिला, अदित आरोरा, रोहित संधू, अर्पित सिंह, अनिरूद्ध शारदा, ऋतिक चौधरी, अनूज कंवर, वंश व गुरवशं चौधरी सिंह शामिल है।

इसके अलावा सत्यम अटवाल, केशव, देव, आर्यन शर्मा, अक्षित जसवाल, दश्मेश ठाकुर, अदित्य, सुर्यवंश ठाकुर,अथर्व सचदेवा, रितेश कौशल, शरदौल शर्मा, नमिश मोदगिल, अशुंमन डोगरा, तिप्त धीमान व सौरभ बग्गा को कैंप के लिए चयन किया गया है।

# जिस काम के लिए जीव धरती पर आया है, वह उस काम को करना ही भूल गया: पंडित सुरेश

**टीम एक्शन इंडिया/बिलासपुर/कश्मीर ठाकुर**

घुमारवीं के भटोली कस्बे में आस्था संस्था के सौजन्य से चल रही श्रीमद भागवत कथा के अंतिम दिन प्रवचनों की अमृत वर्षा करते हुए पंडित सुरेश भारद्वाज ने कहा कि जीवन की महान सच्चाई मौत है कोई भी जीव इससे बच नहीं सका है। संसार में जो भी जीव आता है। उसे संसार छोडकर अवश्य जाना पड़ता है, आवागमन ही संसार की रीत है। उन्होंने कहा कि जिस काम के लिए जीव धरती पर आया है, वह उस काम को करना ही भूल गया है। भगवान का स्मरण ही एक ऐसा उपाय उपाय है। जिससे जीव मनुष्य प्रभु चरणों में बिना कष्ट के चला जाता है। उन्होंने कहा कि मृत्यु सबके सिर पर सवार है। यह एक ऐतिहासिक सत्य हैकि यह मौत सभी को अपने साथ लेकर जाएगी। उन्होंने कहा कि जीव जीव ही 84 के चक्कर में उलझा रहता है। जिस प्रकार जीवन जिया जाता हैए उसी प्रकार मृत्यु को सुधारना आवश्यक है और इसे सत्संग से और भगवान की शरण में जाकर ही सुधारा जा सकता है ताकि जीवात्मा मुक्त होकर परमात्मा के चरणों को प्राप्त कर सके। उन्होंने कहा कि सुधरी हुई मौत अमरता के शिखर पर चढ? की सीढ़ी है। इस दौरान उन्होंने राजा परीक्षित की कथा सुनाई। उन्होंने कहा कि जब भागवत कथा सुनाते हुए शुकदेव को छह दिन बीत गए और उनकी मृत्यु में बस एक दिन शेष रह गया। लेकिन राजा का शोक और मृत्यु का भय कम नहीं हुआ तब शुकदेवजी ने राजा को एक कथा सुनाई कि एक राजा जंगल में शिकार खेलने गया और रास्ता भटक गया। रात होने पर वह आसरा ढूंढ? लगा। उसे एक झोपड़ी दिखी जिसमें एक बीमार बहेलिया रहता था। उसने झोपड़ी में ही एक ओर मलण्मूत्र त्यागने का स्थान बना रखा था और अपने खाने का सामान झोपड़ी की छत पर टांग रखा था। उसे देखकर राजा पहले तो ठिठका पर कोई और आश्रय न देख उसने बहेलिए से झोपड़ी में रातभर ठहरा लेने की प्रार्थना की। बहेलिया बोला कि मैं राहगीरों को अकसर ठहराता रहा हूं। लेकिन दूसरे दिन जाते समय वे झोपड़ी छोड ?ा ही नहीं चाहते।



इसलिए आपको नहीं ठहरा सकता। राजा ने उसे वचन दिया कि वह ऐसा नहीं करेगा। सुबह उठते-उठते उस झोपड़ी की गंध में राजा ऐसा रचण्बस गया कि वहीं रहने की बात सोचने लगा। इस पर उसकी बहेलिए से कलह भी हुई। वह झोपड़ी छोड? में भारी कष्ट और शोक का अनुभव करने लगा। कथा सुनाकर शुकदेव ने परीक्षित से पूछा क्या उस राजा के लिए यह झंझट उचित था, परीक्षित ने कहा वह तो बड़ा मूर्ख थाए जो अपना राजण्काज भूलकर दिए हुए वचन को तोड ?ा चाहता था। वह राजा कौन था, तब शुकदेव ने कहा कि परीक्षित वह तुम स्वयं हो। इस मलण्मूत्र की कोठरी देह में तुम्हारी आत्मा की अवधि पूरी हो गई। अब इसे दूसरे लोक जाना है, पर तुम झंझट फैला रहे हो। क्या यह उचित है। यह सुनकर परीक्षित ने मृत्यु के भय को भुलाते हुए मानसिक रूप से निर्वाण की तैयारी कर ली और अंतिम दिन का कथा-श्रवण पूरे मन से किया। परीक्षित का विवाह उत्तर के राजकुमार की बेटी इरावती से हुआ। इरावती और परीक्षित के चार बेटे हुए जिनमें एक जनमेजय था। परीक्षित ने गंगा नदी के किनारे चार अश्वमेध यज्ञ किया था। उन्होंने बताया कि शिक्षा ग्रहण करने के बाद परीक्षित ने शुकदेव से कहा कि अब उन्हें सांपों के काटने का कोई डर नहीं है। उन्होंने आत्मा और ब्रम्हा की प्रकृति को जान लिया है। जब सुकदेव चले गए तो परीक्षित ने बैठकर ध्यान लगाना शुरू कर दिया। इसी दौरान उस काल के प्रचलित नाग वंश तक्षक का एक नाग ब्राह्मण की वेशभूषा में उनके नजदीक आया। उन्होंने परीक्षित को काट खाया और इससे परीक्षित की मौत हो गई। कथा समापन के बाद हवन यज्ञ का आयोजन हुआ और पूणार्हुति के बाद अटूट भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें सैंकड़ों श्रद्धालुओं ने भाग लिया।

